## मुगल काल (1526 ई.–1857 ई.)

1. 1526 ई. में बाबर ने किस वंश के शासक को परास्त कर मुगल साम्राज्य की नींव डाली ?
(अ) सैय्यद वंश (ब) लोदी वंश
(स) तुगलक वंश (द) खिलजी वंश
उत्तर : (ब)
व्याख्याः– बाबर ने भारत पर पाँच बार आक्रमण किये। बाबर का भारत के विरुद्ध किया गया प्रथम अभियान 1519 ई. में युसूफ जाई जाति के विरुद्ध था। इस अभियान में बाबर ने बाजौर और भेरा को अपने अधिकार में ले लिया। 21 अप्रैल, 1526 ई. में पानीपत के प्रथम युद्ध में बाबर ने दिल्ली सल्तनत के अंतिम सुल्तान लोदी वंश के शासक इब्राहिम लोदी को पराजित किया और मुगल वंश की नीवं डाली। पानीपत के प्रथम युद्ध (1526 ई.) में बाबर ने पहली बार तुगलमा युद्ध नीति एवं तोपखाने का प्रयोग किया था। उस्ताद अली एवं मुस्तफा बाबर के दो प्रसिद्ध निशानेबाज थे, जिन्होंने इस युद्ध में भाग लिया। इब्राहिम लोदी मध्यकाल का प्रथम शासक थो जो युद्धस्थल में मारा गया। इसके साथ उसका मित्र ग्वालियर के राजा विक्रमजीत भी युद्धस्थल में मारा गया।
2. पानीपत का प्रथम युद्ध कब हुआ ?
(अ) 21 अप्रैल, 1529 (ब) 21 अप्रैल, 1526
(स) 15 अप्रैल, 1528 (द) 20 अप्रैल, 1527
उत्तर : (ब)
व्याख्याः– 21 अप्रैल, 1526 ई. को हुए पानीपत के प्रथम युद्ध में बाबर ने दिल्ली सल्तनत के अंतिम सुल्तान लोदी वंश के शासक इब्राहिम लोदी को पराजित किया और मुगल वंश की नींव डाली। पानीपत के प्रथम युद्ध (1526 ई.) में बाबर ने पहली बार तुगलमा युद्ध नीति एवं तोपखाने का प्रयोग किया था। उस्ताद अली एवं मुस्तफा बाबर के दो प्रसिद्ध निशानेबाज थे, जिन्होंने इस युद्ध में भाग लिया। इब्राहिम लोदी मध्यकाल का प्रथम शासक थो जो युद्धस्थल में मारा गया।
3. बाबर ने प्रसिद्ध 'तुलुगमा नीति' का प्रयोग सर्वप्रथम किस युद्ध में किया ?
(अ) खानवा के युद्ध में
(ब) घाघरा के युद्ध में
(स) पानीपत के प्रथम युद्ध में
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)
व्याख्या– 21 अप्रैल, 1526 ई. को हुए पानीपत के प्रथम युद्ध में बाबर ने दिल्ली सल्तनत के अंतिम सुल्तान लोदी वंश के शासक इब्राहिम लोदी को पराजित किया और मुगल वंश की नींव डाली। पानीपत के प्रथम युद्ध (1526 ई.) में बाबर ने पहली बार तुगलमा युद्ध नीति एवं तोपखाने का प्रयोग किया था। उस्ताद अली एवं मुस्तफा बाबर के दो प्रसिद्ध निशानेबाज थे, जिन्होंने इस युद्ध में भाग लिया। इब्राहिम लोदी मध्यकाल का प्रथम शासक थो जो युद्धस्थल में मारा गया।
4. किस युद्ध के जीतने के उपरांत बाबर ने खजाने का मुँह अमीरों, सगे–संबंधियों आदि के खोल दिए और इस उदारता के लिए उसे 'कलंदर' की उपाधि दी गई ?
(अ) पानीपत का प्रथम युद्ध (1526)
(ब) खानवा का युद्ध (1527)
(स) चंदेरी का युद्ध (1528)
(द) घाघरा का युद्ध (1529)
उत्तर : (अ)
व्याख्या– पानीपत का प्रथम युद्ध बाबर एवं दिल्ली के सुल्तान इब्राहीम लोदी के मध्य हुआ। 12 अप्रैल, 1526 ई. को दोनों सेनाएं पानीपत के मैदान में आमने–सामने हुई पर दोनों के मध्य युद्ध का आरम्भ 21 अप्रैल, 1526 ई. को हुआ। ऐसा माना जाता है कि इस युद्ध का निर्णय दोपहर तक ही हो गया। इस युद्ध में इब्राहील लोदी बुरी तरह परास्त होने के साथ ही मार दिया गया। बाबर ने अपनी कृति 'बाबर नामा' में इस युद्ध को जीतने में मात्र 12000 सैनिकों के उपयोग का जिक्र किया है। इस युद्ध में बाबर ने पहली बार तुगलमा युद्ध नीति एवं तोपखाने का प्रयोग किया था। उस्ताद अली एवं मुस्तफा बाबर के दो प्रसिद्ध निशानेबाज थे, जिन्होंने इस युद्ध में भाग लिया। इस युद्ध को जीतने के उपरांत बाबर ने खजाने का मुँह अमीरों, सगे–संबंधियों आदि के लिए खोल दिए और इस उदारता के लिए उसे 'कलंदर' की उपाधि दी गई।
5. भारत में ग्रांड ट्रंक रोड़ बनवाई थी–
(अ) अशोक ने (ब) शेरशाह सूरी ने
(स) अकबर ने (द) हुमायूँ ने
उत्तर : (ब) RRB 2005, SSC 2002
व्याख्या–यह मार्ग सदियों से इस्तेमाल होता रहा लेनिक सोलहवीं शताब्दी में दिल्ली के सुल्तान शेरशाह सूरी ने इसे पक्का करवाया। इस ग्रांट ट्रंक रोड पर दूरी मापने के लिए जगह–जगह पत्थर लगवाए, छायादार पेड़ लगवाए, राहगीरों के लिए सरायें बनवाई और चुंगी की व्यवस्था की। ग्रांट ट्रंक रोड कोलकाता से पेशावर (पाकिस्तान) तक लम्बी है।

www.rajstudents.com

6. गुजरात विजय की यादगार में अकबर ने किसका निर्माण कराया था ?
(अ) बड़ा इमामबाड़ा (ब) बुलंद दरवाजा
(स) जामा मस्जिद (द) सिद्दी बशीर
उत्तर : (ब) SSC 2002
व्याख्या– 1571 ई. में मुगल शासक अकबर ने गुजरात के शासक मुजफ्फर खाँ तृतीय को पराजित किया। गुजरात विजय के उपलक्ष्य में अकबर ने फतेहपुर सीकरी में बुलंद दरवाजा बनवाया।

7. 'आइन–ए–अकबरी' एक महान् ऐतिहासिक कृति निम्नलिखित में से किसके द्वारा लिखी गई थी ?
(अ) अबुल फजल (ब) अमीर खुसरो
(स) फिरोज शाह (द) अब्दुल रशीद
उत्तर : (अ) SSC 2002

8. 'दीन–ए–इलाही' नामक नया धर्म किसके द्वारा शुरु किया गया था ?
(अ) हुमायूँ (ब) जहाँगीर
(स) अकबर (द) शाहजहाँ
उत्तर : (स) SSC 2002

9. पानीपत की दूसरी लड़ाई (1556 ई.) निम्नलिखित में से किसके बीच हुई थी ?
(अ) अकबर और हेमू
(ब) राजपूत और मुगल
(स) बाबर और इब्राहिम लोदी
(द) सिकंदर और आदिल शाह
उत्तर : (अ) SSC 2002

10. प्रसिद्ध मुस्लिम शासिका चाँद बीबी, जिसने बरार को अकबर को सौंपा, निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित थी ?
(अ) बीजापुर (ब) गोलकुंडा
(स) अहमदनगर (द) बरार
उत्तर : (स) RRB 2004, SSC 2002

11. मुगल प्रशासन व्यवस्था में मनसबदारी प्रणाली को किसने प्रारंभ किया ?
(अ) शाहजहाँ (ब) अकबर
(स) जहाँगीर (द) बाबर
उत्तर : (ब) RRB 2005, SSC 2001

12. अपने काल का महान् संगीतज्ञ तानसेन किसके दरबार में थे ?
(अ) जहाँगीर (ब) अकबर
(स) शाहजहाँ (द) बहादुरशाह
उत्तर : (ब) SSC 2001

13. मुगल काल की राजभाषा कौन थी ?
(अ) उर्दू (ब) हिन्दी
(स) अरबी (द) फारसी
उत्तर : (द) SSC 2002, UPPCS 2012

14. सती प्रथा की भर्त्सना करने वाला मुगल सम्राट् था–
(अ) बाबर (ब) हुमायुँ
(स) अकबर (द) जहाँगीर
उत्तर : (स) SSC 2001

15. किस युद्ध से भारत में मुगल राज्य की नींव पड़ी ?
(अ) प्लासी का युद्ध
(ब) तालीकोटा का युद्ध
(स) पानीपत का प्रथम युद्ध
(द) हल्दीघाटी का युद्ध
उत्तर : (स) SSC 2001

16. प्रसिद्ध मुस्लिम शासिका चाँद बीबी, जिसने बरार को अकबर को सौंपा, निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित थी ?
(अ) बीजापुर (ब) गोलकुंडा
(स) अहमदनगर (द) बरार
उत्तर : (स) RRB 2004, SSC 2002

17. मुगल चित्रकारी किसके शासनकाल में पराकाष्ठा/चरमोत्कर्ष प्राप्त किया ?
(अ) शाहजहाँ (ब) अकबर
(स) जहाँगीर (द) औरंगजेब
उत्तर : (स) SSC 2001

18. निम्नलिखित में से किसने अकबर की जीवन–कथा लिखी थी ?
(अ) अबुल फजल (ब) फैजी
(स) अब्दुल नबी खाँ (द) बीरबल
उत्तर : (अ) SSC 2001

19. किस मुगल शासक ने भारत की वनस्पतियों और प्राणी जगत, ऋतुओं और फलों का विशद् विवरण अपनी दैनन्दिनी (डायरी) में दिया है ?
(अ) अकबर (ब) जहाँगीर
(स) बाबर (द) औरंगजेब
उत्तर : (स) SSC 2001

20. शेरशाह की महानता का द्योतक क्या है ?
(अ) हुमायूँ के विरुद्ध उसका विजय अभियान
(ब) श्रेष्ठ सैन्य नेतृत्व
(स) प्रशासनिक सुधार
(द) धार्मिक सहिष्णुता
उत्तर : (स) SSC 2001

21. 'हुमायूँनामा' किसने लिखा था ?
(अ) गुलबदन बेगम (ब) मुमताज महल
(स) जहाँआरा बेगम (द) रोषनआरा बेगम
उत्तर : (अ) SSC 2000

www.rajstudents.com

22. अकबर के शासन में 'महाभारत' का फारसी भाषा में अनुवाद किया गया था, वह किस नाम से जाना जाता है ?
(अ) इकबालनामा
(ब) रज्मनामा
(स) अकबरनामा
(द) सकीनत–उल–औलिया
उत्तर : (ब) SSC 2000, RAS/RTS 2016

23. किस मुगल सम्राट ने सैय्यद भाईयों को गिराया ?
(अ) बहादुरशाह (ब) रफी–उद्–दौला
(स) शाहजहाँ द्वितीय (द) मुहम्मदशाह
उत्तर : (द) SSC 2000

24. निम्नलिखित में से कौन अंतिम मुगल सम्राट् थे ?
(अ) आलमगीर द्वितीय (ब) शाह आलम द्वितीय
(स) बहादुरशाह द्वितीय (द) अकबर द्वितीय
उत्तर : (स) SSC 2000, RRB 2004

25. अकबर के शासनकाल में भू–राजस्व सुधारों के लिए कौन उत्तरदायी था ?
(अ) बीरबल (ब) टोडरमल
(स) जयसिंह (द) बिहारीमल
उत्तर : (ब) SSC 1999

26. अकबर द्वारा बनवाए गए उपासना भवन/पूजा गृह का क्या नाम था ?
(अ) दीवान–ए–खास (ब) दीवान–ए–आम
(स) इबादत खाना (द) बुलंद दरवाजा
उत्तर : (स) SSC 1999

27. सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ तानसेन एवं बैजू बावरा किसके शासनकाल में सुविख्यात थे ?
(अ) जहाँगीर (ब) बहादुरशाह जफर
(स) अकबर (द) शाहजहाँ
उत्तर : (स) SSC 1999

28. 'रामचरितमानस' के लेखक तुलसीदास किसके शासनकाल से संबंधित थे ?
(अ) चन्द्रगुप्त द्वितीय (ब) वाजिद अली शाह
(स) हर्षवर्द्धन (द) अकबर
उत्तर : (द) SSC 2002

29. किस युद्ध में बाबर ने 'जिहाद' (धर्मयुद्ध) का नारा दिया, 'तमगा' नामक कर को समाप्त किया और युद्ध जीतने के उपरांत 'गाजी' (धर्मयोद्धा) की उपाधि धारण की ?
(अ) खानवा के युद्ध में
(ब) घाघरा के युद्ध में
(स) पानीपत के प्रथम युद्ध में
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

30. 'मुबइयान' नामक पद्य शैली के जन्मदाता बाबर ने अपनी आत्मकथा 'तुजुक–ए–बाबरी' किस भाषा में लिखी ?
(अ) फारसी में (ब) उर्दू में
(स) तुर्की में (द) अरबी में
उत्तर : (स)

31. बाबर मूल रूप से कहाँ का शासक था ?
(अ) फरगना (ब) कंधार
(स) तक्षशिला (द) पंजाब
उत्तर : (अ)

32. मुगल साम्राज्य के दृढ़ीकरण के दृष्टिकोण से सबसे निर्णायक युद्ध था–
(अ) पानीपत का प्रथम युद्ध
(ब) खानवा का युद्ध
(स) चंदेरी का युद्ध
(द) घाघरा का युद्ध
उत्तर : (ब)

33. किसने मुगल साम्राज्य की राजधानी को आगरा से दिल्ली स्थानांतरित की ?
(अ) जहाँगीर (ब) औरंगजेब
(स) हुमायूँ (द) शाहजहाँ
उत्तर : (द) RRB 2006

34. अकबर के युवावस्था में उसका संरक्षक था–
(अ) हेमू (ब) फैजी
(स) अबुल फजल (द) बैरम खाँ
उत्तर : (द) RRB 2006

35. निम्नलिखित में से किस स्थान पर नादिरशाह ने चढ़ाई नहीं की थी ?
(अ) लाहौर (ब) करनाल
(स) दिल्ली (द) कन्नौज
उत्तर : (द) RRB 2006

36. किसने ऐसे बाग–बगीचे, जिसमें बहता पानी हो, के निर्माण की परंपरा की शुरूआत की थी ?
(अ) बाबर (ब) शेरषाह
(स) शाहजहाँ (द) अकबर
उत्तर : (अ) RRB 2006

37. निम्नलिखित में से कौन–सी आत्मकथा है ?
(अ) अकबरनामा
(ब) हुमायूँनामा
(स) पादशाहनामा
(द) तुजुक–ए–बाबरी (बाबरनामा)
उत्तर : (द) RRB 2006

38. राजा बीरबल की उपाधि किसे दी गई थी ?
(अ) महेश दास (ब) राजा भगवान दास
(स) वनमाली दास (द) राजा टोडरमल
उत्तर : (अ) RRB 2006

www.rajstudents.com

39. कौन–सा सुमेलित नहीं है ?
(अ) हुमायूँनामा – हुमायूँ
(ब) तुजुक–ए–बाबरी – बाबर
(स) तुजुक–ए–जहाँगीरी – जहाँगीर
(द) शाहजहाँनामा – मुहम्मद सालेह
उत्तर : (अ) RRB 2006
व्याख्याः– बाबर की पुत्री हुमायूँ की बहन गुलबनद बेगम ने हुमायूँनामा की रचना की।

40. औरंगजेब ने ज्यादा भवनों का निर्माण नहीं करवाया क्योंकि–
(अ) उसे वास्तुकला में कोई रुचि नहीं थी
(ब) राजमिस्त्री उपलब्ध नहीं थे
(स) वह मितव्ययी था
(द) उसे अपने शासनकाल में निरंतर युद्ध करने पड़े
उत्तर : (द) RRB 2006

41. किस मुगल शासक का दो बार राज्याभिषेक हुआ था ?
(अ) अकबर (ब) जहाँगीर
(स) शाहजहाँ (द) औरंगजेब
उत्तर : (द) RRB 2005

42. ग्रांड ट्रंक सड़क जोड़ती है–
(अ) कोलकाता व मुंबई
(ब) दिल्ली व चेन्नई
(स) कोलकाता व अमृतसर
(द) लुधियाना व तिरुपति
उत्तर : (स) RRB 2005

43. वर्ष 1526 ई. में लड़ी गई पानीपत की पहली लड़ाई में बाबर से कौन पराजित हुआ था ?
(अ) इब्राहिम लोदी
(ब) शेरशाह सूरी
(स) मुहम्मद–बिन–तुगलक
(द) अलाउद्दीन खिलजी
उत्तर : (अ) RRB 2004, MPPSC 2005

44. शेरशाह सूरी का मकबरा कहाँ स्थित है ?
(अ) दिल्ली (ब) आगरा
(स) सासाराम (द) लाहौर
उत्तर : (स) RRB 2005, UPPCS 2015

45. अकबर का राज्याभिषेक कहाँ हुआ था ?
(अ) कालानौर (ब) आगरा
(स) जामा मस्जिद (द) सीकरी
उत्तर : (अ) RRB 2003

46. गुरु अर्जुनदेव समकालीन थे–
(अ) बाबर के (ब) जहाँगीर के
(स) शाहजहाँ के (द) अकबर के
उत्तर : (ब) RRB 2005

47. किस राजपूत वंश ने अकबर के सामने समर्पण नहीं किया था ?
(अ) सिसोदिया वंश (ब) परमार वंश
(स) चौहान वंश (द) चंदेल वंश
उत्तर : (अ) RRB 2005

48. किस मुगल शासक को 'आलमगीर' कहा जाता था ?
(अ) अकबर (ब) शाहजहाँ
(स) जहाँगीर (द) औरंगजेब
उत्तर : (द) RRB 2005

49. सम्राट अकबर द्वारा किसको 'जरीकलम' की उपाधि से अलंकृत किया गया था ?
(अ) मोहम्मद हुसैन (ब) मुहम्मद खाँ
(स) अब्दुस्समद (द) मीर सैयद अली
उत्तर : (अ) RRB 2005

50. बाबर ने पहली बार पश्चिम से कहाँ होकर भारत में प्रवेश किया ?
(अ) कश्मीर (ब) सिंध
(स) पंजाब (द) राजस्थान
उत्तर : (स) RRB 2005

51. हल्दीघाटी का युद्ध कब लड़ा गया ?
(अ) 1526 ई. में (ब) 1576 ई. में
(स) 1605 ई. में (द) 1660 ई. में
उत्तर : (ब) RRB 2004

52. फैजी निम्नलिखित में से किसके दरबार में रहा ?
(अ) हुमायूँ (ब) दारा शिकोह
(स) बहादुरशाह जफर (द) अकबर
उत्तर : (द) RRB 2004

53. किसके समय में मलिक मोहम्मद जायसी ने 'पद्मावत' की रचना की ?
(अ) अकबर (ब) शेरशाह
(स) बाबर (द) औरंगजेब
उत्तर : (ब) RRB 2002

54. किसने चौसा की लड़ाई (1539 ई.) में हुमायूँ को पराजित किया था ?
(अ) शेरशाह (ब) महाराणा प्रताप
(स) शिवाजी महाराज (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) RRB 2005

55. हुमायूँ का मकबरा कहाँ है ?
(अ) दिल्ली में (ब) आगरा में
(स) फतेहपुर सीकरी में (द) काबुल में
उत्तर : (अ) RRB 2005

56. किस मुगल शासक ने दो बार शासन किया ?
(अ) शाहजहाँ (ब) हुमायूँ
(स) बाबर (द) जहाँगीर
उत्तर : (ब) RRB 2004

www.rajstudents.com

57. भारत में बीबी का मकबरा स्थित है–
(अ) हैदराबाद में (ब) सीकरी में
(स) औरंगाबाद में (द) बीजापुर में
उत्तर : (स) RRB 2004

58. फतेहपुर सीकरी स्थित लाल पत्थर से निर्मित शेख सलीम चिश्ती के मकबरे को किसने संगमरमर का करवाया ?
(अ) अकबर (ब) जहाँगीर
(स) शाहजहाँ (द) दारा शिकोह
उत्तर : (ब) RRB 2003

59. किस मुगल शासक को पहले आगरा में दफनााया गया, बाद मं उसकी एक अफगान विधवा शव को काबुल ले गयी और वहीं एक बाग में दफनाया ?
(अ) बाबर (ब) हुमायूँ
(स) अकबर (द) जहाँगीर
उत्तर : (अ)

60. किस मुगल शासक को उपवनों/उद्यानों में अत्यंत अभिरुचि के कारण 'उपवनों का राजकुमार' अथवा 'मालियों का मुकुट' कहा गया ?
(अ) बाबर (ब) हुमायूँ
(स) अकबर (द) शाहजहाँ
उत्तर : (अ)

61. कौन–सा पहला मुगल शासक था जिसने कुषाण साम्राज्य के पतन के बाद भारतीय साम्राज्य में काबुल व कंधार को शामिल किया ?
(अ) बाबर (ब) हुमायूँ
(स) अकबर (द) जहाँगीर
उत्तर : (अ)

62. किस युद्ध को जीतने के बाद शेरशाह ने दिल्ली में अफगान सत्ता की स्थापना की ?
(अ) विलग्राम का युद्ध (ब) कालिंजर का युद्ध
(स) चौसा का युद्ध (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

63. निम्नलिखित भारतीय शासकों में से अकबर के समकालीन कौन था/थी ?
(अ) रानी दुर्गावती (ब) अहिल्याबाई
(स) मार्तण्ड वर्मा (द) राजा सवाई जयसिंह
उत्तर : (अ) CPO SI 2003

64. शाहजहाँ ने निम्नलिखित में से किस शहर में मोती मस्जिद बनवाई थी ?
(अ) दिल्ली (ब) जयपुर
(स) आगरा (द) अमरकोट
उत्तर : (स) CPO SI 2003

65. मुगल साम्राज्य की पुनर्स्थापना हुमायूँ ने कब की ?
(अ) 1526 ई. में (ब) 1555–56 ई. में
(स) 1565 ई. में (द) 1658 ई. में
उत्तर : (ब)

66. किस मुगल बादशाह ने जजिया नामक कर पुनः लगाया ?
(अ) अकबर (ब) जहाँगीर
(स) औरंगजेब (द) शाहजहाँ
उत्तर : (स) UPPSC 2002

67. अकबर के शासनकाल में 'अमलगुजार' नामक अधिकारी का कार्य था–
(अ) कानून और व्यवस्था संभालना
(ब) भूमि राजस्व का मूल्यांकन और संग्रह करना
(स) राजघराने का प्रभारी होना
(द) शाही खजाने की देखभाल करना
उत्तर : (ब) NDA 2002

68. शिवाजी महाराज ने मुगलों को किस संधि के द्वारा किलों को सत्तान्तरित किया ?
(अ) चित्तौड़ (ब) पुणे
(स) पुरंदर (द) तोरण
उत्तर : (स) NDA 2000

69. किस वर्ष वैशाखी के दिन 13 अप्रैल को गुरु गोविन्द सिंह ने 'खालसा पंथ' की स्थापना की ?
(अ) 1650 ई. में (ब) 1699 ई. में
(स) 1750 ई. में (द) 1799 ई. में
उत्तर : (ब)

70. निम्न में से कौन–सा मुगल बादशाह पहले तो अंग्रेजों का कैदी रहा और बाद में जीवनपर्यन्त मराठों का पेंशनभोगी रहा ?
(अ) शाहआलम II (ब) बहादुरशाह II
(स) आलमगीर II (द) अकबरशाह II
उत्तर : (अ) CDS 2003

71. दक्षिण में निम्नलिखित में से किसके शासन में मुगल साम्राज्य तमिल राज्य–क्षेत्र तक फैला ?
(अ) अकबर (ब) औरंगजेब
(स) जहाँगीर (द) शाहजहाँ
उत्तर : (ब) CDS 2004

72. मुगल सत्ता की पुनर्स्थापना किस युद्ध में हुमायूँ को मिली विजय के फलस्वरूप हुई ?
(अ) पानीपत का प्रथम युद्ध
(ब) दौराहा का युद्ध
(स) मंदसौर का युद्ध
(द) सरहिन्द का युद्ध
उत्तर : (द)

73. किस मुगल बादशाह के दुर्भाग्य पर व्यंग्य करते हुए लेनपूल ने लिखा है–''वह जीवन भर ठोकरें खाता रहा और ठोकर खाकर ही उसके जीवन का अंत हुआ ?
(अ) बाबर (ब) अकबर
(स) हुमायूँ (द) शाहजहाँ
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com

74. किस मुगल बादशाह की मृत्यु दीनपनाह पुस्तकालय की सीढ़ियों से गिरने के कारण हुई ?
(अ) बाबर (ब) हुमायूँ
(स) अकबर (द) जहाँगीर
उत्तर : (ब)

75. मुगल प्रशासन में 'मुहतसिव' था–
(अ) सेना अधिकारी
(ब) विदेश विभाग का प्रमुख
(स) लोक आचरण अधिकारी
(द) पत्र–व्यवहार विभाग का अधिकारी
उत्तर : (स) BPSC 2005

76. मुगल प्रशासन में 'मदद–ए–माश' इंगित करता है–
(अ) चुंगी कर
(ब) विद्वानों को दी जाने वाली राजस्वमुक्त अनुदत्त भूमि
(स) सैन्य अधिकारियों को दी जाने वाली पेंशन
(द) बुवाई कर
उत्तर : (ब) BPSC 2004

77. 'दास्तान–ए–अमीर हम्जा' का चित्रांकन किसके द्वारा किया गया ?
(अ) अब्दुस समद (ब) मंसूर
(स) मीर सैयद अली (द) अबुल हसन
उत्तर : (अ) BPSC 2004

78. किस सुल्तान ने पहले 'हजरत–ए–आला' की उपाधि अपनाई और बाद में सुल्तान की ?
(अ) बहलोल लोदी (ब) सिकंदर लोदी
(स) शेरशाह सूरी (द) इस्लामशाह सूरी
उत्तर : (अ) BPSC 2001

79. निम्नलिखित में से किस मुगल बादशाह को वजीर गाजीउद्दीन ने दिल्ली में दाखिल नहीं होने दिया ?
(अ) आलमगीर द्वितीय (ब) शाह आलम द्वितीय
(स) अकबर द्वितीय (द) बहादुरशाह द्वितीय
उत्तर : (ब) BPSC 2001

80. औरंगजेब द्वारा चलाये जिहाद का अर्थ है–
(अ) दार–उल–हर्ब (ब) दार–उल–इस्लाम
(स) पवित्र युद्ध (द) जजिया
उत्तर : (ब) BPSC 1999

81. दिल्ली के लाल किले का निर्माण किसने करवाया था ?
(अ) अकबर (ब) नूरजहाँ
(स) जहाँगीर (द) शाहजहाँ
उत्तर : (द) UPPCS 2002

82. निम्नलिखित में किस इतिहासकार ने शाहजहाँ के शासनकाल को मुगलकाल का स्वर्णयुग कहा है ?
(अ) वी.ए. स्मिथ (ब) जे.एन. सरकार
(स) ए.एल. श्रीवास्तव (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स) BPSC 1996

83. मस्नवी, जो बाबर द्वारा मुस्लिम कानून के नियमों का संग्रह है–
(अ) मुबायीन
(ब) दीवान
(स) प्रोसाड़ी पर तुर्की संग्रह
(द) बाबरनामा
उत्तर : (अ) BPSC 1999

84. 'मयूर सिंहासन/तख्त ए ताऊस' पर बैठने वाला अंतिम मुगल बादशाह कौन था ?
(अ) शाहआलम I (ब) मुहम्मदशाह 'रंगीला'
(स) बहादुरशाह (द) जहाँदरशाह
उत्तर : (ब) BPSC 1995

85. पानीपत के युद्ध में बाबर की जीत का मुख्य कारण क्या था ?
(अ) उसकी घुड़सवार सेना
(ब) उसकी सैन्य कुशलता
(स) तुलुगमा प्रथा
(द) अफगानों की आपसी फूट
उत्तर : (ब) BPSC 1994

86. जब्ती प्रणाली किसकी उपज थी ?
(अ) गयासुद्दीन तुगलक (ब) सिकंदर लोदी
(स) शेरषाह (द) अकबर
उत्तर : (स) BPSC 1994

87. 'जवाबित' का संबंध किससे था ?
(अ) राज्य कानून से
(ब) मनसब प्रणाली को नियंत्रित करने वाले कानून
(स) टकसाल से संबंधित कानून
(द) कृषि संबंधित कानून
उत्तर : (अ) BPSC 1994

88. ईरान के शाह और मुगल शासकों के बीच झगड़े की जड़ क्या थी ?
(अ) काबुल (ब) कंधार
(स) कुंदूज (द) गजनी
उत्तर : (ब) BPSC 1994

89. मुमताज महल का असली नाम था–
(अ) अर्जुमन्द बानो बेगम (ब) लाड़ली बेगम
(स) मेहरुन्निसा (द) रोशन आरा
उत्तर : (अ) UKPSC 2016

90. औरंगजेब ने दक्षिण में जिन दो राज्यों को विजित किया था, वे थे–
(अ) अहमदनगर एवं बीजापुर
(ब) बीदर एवं बीजापुर
(स) बीजापुर एवं गोलकुंडा
(द) गोलकुंडा एवं अहमदनगर
उत्तर : (स) UPPCS 2004

www.rajstudents.com

91. किस मुगल बादशाह को 'जिन्दा पीर' कहा जाता था ?
(अ) अकबर (ब) औरंगजेब
(स) शाहजहाँ (द) जहाँगीर
उत्तर : (ब) JPSC 2003

92. अकबर द्वारा बनाई गई कौन–सी इमारत का नक्शा बौद्ध विहार की तरह है ?
(अ) पंचमहल (ब) दीवान–ए–खास
(स) जोधाबाई का महल (द) बुलंद दरवाजा
उत्तर : (अ) JPSC 2003

93. अंतिम मुगल बादशाह बहादुरशाह जफर था। उनके पिता का नाम था–
(अ) अकबरशाह प्रथम (ब) अकबरशाह द्वितीय
(स) औरंगजेब (द) शाहजहाँ
उत्तर : (ब) UPPCS 2005

94. अकबर ने सर्वप्रथम वैवाहिक संबंध राजपूतों के जिस गृह से स्थापित किये, वह था–
(अ) बुंदेलों से (ब) कछवाहों से
(स) राठौड़ों से (द) सिसोदियों से
उत्तर : (ब) UPPCS 2004

95. निम्नलिखित मुगल बादशाहों में किसने अपनी आत्मकथा फारसी में लिखी ?
(अ) बाबर (ब) अकबर
(स) जहाँगीर (द) औरंगजेब
उत्तर : (स) UPPCS 2001

96. मुगलों ने नवरोज/नौरोज का त्यौहार लिया–
(अ) पारसियों से (ब) यहूदियों से
(स) मंगोलों से (द) तुर्कों से
उत्तर : (अ) UPPCS 2001

97. कौन–सा मकबरा 'द्वितीय ताजमहल' कहलाता है ?
(अ) अनारकली का मकबरा
(ब) बीबी का मकबरा
(स) शेरशाह का मकबरा
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

98. किस मुगल बादशाह के अंतर्गत मुगल सेना में सर्वाधिक हिन्दू सेनापित थे ?
(अ) हुमायूँ (ब) अकबर
(स) जहाँगीर (द) औरंगजेब
उत्तर : (द) UPPCS 2000

99. किस इतिहासकार ने अकबर द्वारा प्रतिपादित 'दीन–ए–इलाही' को एक धर्म कहा ?
(अ) अबुल फजल
(ब) अब्दुल कादिर बदायूंनी
(स) निजामुद्दीन अहमद
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ) UPPCS 2000

100. 'अनवार–ए–सुहैली' ग्रंथ किसका अनुवाद है ?
(अ) पंचतंत्र (ब) महाभारत
(स) रामायण (द) सूरसागर
उत्तर : (अ) UPPCS 1999

101. जहाँगीर के दरबार में पक्षियों का सबसे बड़ा चित्रकार था–
(अ) ख्वाजा अब्दुस्समद (ब) सैयद अली तबरीजी
(स) बसावन (द) मंसूर
उत्तर : (द) UPPCS 1998

102. निम्न में से किसने मुगलकाल में ऐतिहासिक विवरण लिखा ?
(अ) गुलबदन बेगम (ब) नूरजहाँ बेगम
(स) जहाँआरा बेगम (द) जेबुन्निसा बेगम
उत्तर : (अ) UPPCS 1998

103. अकबर द्वारा अपनाई गई 'सुलह–ए–कुल' (सार्वभौम शांति तथा भाईचारा) की अवधारणा निम्नांकित में से किस पर आधारित थी ?
(अ) राजनीतिक उदारता
(ब) धार्मिक सहनशीलता
(स) उदारवादी सांस्कृतिक दृष्टिकोण
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द) UPPCS 1998

104. प्रसिद्ध संगीतज्ञ तानसेन का मकबरा स्थित है–
(अ) आगरा में (ब) ग्वालियर में
(स) झाँसी में (द) जयपुर में
उत्तर : (ब) UPPCS 2004

105. गुलबदन बेगम पुत्री थी–
(अ) बाबर की (ब) हुमायूँ की
(स) शाहजहाँ की (द) औरंगजेब की
उत्तर : (अ) UPPCS 2004

106. मुगल प्रशासन में जिले को किस नाम से जाना जाता था ?
(अ) अहार (ब) दस्तूर
(स) सूबा (द) सरकार
उत्तर : (द)

107. किस सिक्ख गुरु की मृत्यु के लिए औरंगजेब जिम्मेदार है ?
(अ) गुरु गोविन्द सिंह (ब) गुरु तेग बहादुर
(स) गुरु रामदास (द) गुरु अंगददेव
उत्तर : (ब)

108. भारत के मुगल शासक बनने पर जहीरुद्दीन मुहम्मद ने अपना नाम रखा–
(अ) बाबर (ब) हुमायूँ
(स) जहाँगीर (द) बहादुरशाह
उत्तर : (अ) CPSC 2003

109. अकबर के काल में महाभारत का फारसी अनुवाद जिसके निर्देशन में हुआ, वह है–
(अ) उत्बी (ब) नाजिरी
(स) अबुल फजल (द) फैजी
उत्तर : (द) RAS/RTS 2000

110. दिल्ली के प्रसिद्ध जामा मस्जिद का निर्माण किसने किया ?
(अ) हुमायूँ (ब) शाहजहाँ
(स) अकबर (द) इब्राहिम लोदी
उत्तर : (ब) RAS/RTS 1998

111. निम्न मुसलमान विद्वानों में से हिन्दी साहित्य के किए किसका सबसे महत्वपूर्ण योगदान है–
(अ) अबुल फजल
(ब) फैजी
(स) अब्दुर्रहीम खानेखाना
(द) अब्दुल कादिर बदायूंनी
उत्तर : (स) RAS/RTS 1996

112. निम्न तथ्यों में कौन तथ्य ऐसा है जो अकबर को 'राष्ट्रीय सम्राट सिद्ध करने में सहायक नहीं है ?
(अ) अकबर ने इस्लाम धर्म को त्याग दिया
(ब) प्रशासकीय एकता और कानूनों की एकरूपता
(स) अकबर द्वारा सांस्कृतिक एकता का प्रधान
(द) अकबर की धार्मिक नीति
उत्तर : (अ) RAS/RTS 1995

113. अकबर द्वारा बनाई गयी श्रेष्ठतम इमारतें पायी जाती है–
(अ) आगरा के किले में
(ब) लाहौर के किल में
(स) इलाहाबाद के किले में
(द) फतेहपुर सीकरी में
उत्तर : (द) RAS/RTS 1995

114. हल्दीघाटी युद्ध (1576 ई.) के पीछे अकबर द्वारा मुख्य उद्देश्य था–
(अ) राणा प्रताप को अपने अधीन लाना
(ब) राजपूतों में फूट डालना
(स) मानसिंह की भावना को संतुष्ट करना
(द) साम्राज्यवादी नीति
उत्तर : (अ) RAS/RTS 1992

115. मुगल सम्राट अकबर के समय का प्रसिद्ध चित्रकार था–
(अ) अबुल फजल (ब) दशवंत
(स) विशनदास (द) उस्ताद मंसूर
उत्तर : (ब) RAS/RTS 1992

116. शेरशाह के बचपन का नाम था–
(अ) फरीद खाँ (ब) हसन खाँ
(स) हुसैन खाँ (द) बहार खाँ
उत्तर : (अ)

117. निम्नलिखित में से किसमें हिन्द तथा ईरानी वास्तुकला का सर्वप्रथम समन्वय देखने को मिलता है ?
(अ) ताजमहल में (ब) लाल किला में
(स) पंचमहल में (द) शेरशाह के मकबरे में
उत्तर : (द) RAS/RTS 1992

118. शेरशाह को उसके पिता हसन खाँ ने एक जागीर के प्रबंधक के रूप में नियुक्त किया था, वह जागीर थी–
(अ) सासाराम (ब) पटना
(स) हाजीपुर (द) खवासपुर
उत्तर : (अ)

119. हुमायूँ और शेर खाँ के मध्य लड़े गये युद्धों में कौन–सा युद्ध निर्णायक था जिसमें विजय के उपरांत शेर खाँ ने 'शेरशाह आलम उल आदिल' की उपाधि धारण की थी ?
(अ) चुनार का युद्ध (ब) बिलग्राम का युद्ध
(स) चौसा का युद्ध (द) मच्छीवाड़ा का युद्ध
उत्तर : (स)

120. किस युद्ध को जीतने के बाद शेरशाह ने दिल्ली में द्वितीय अफगान राज्य की स्थापना की ?
(अ) कन्नौज/बिलग्राम का युद्ध
(ब) चौसा का युद्ध
(स) कालिंजर का युद्ध
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

121. भारत के इतिहास के संदर्भ में अब्दुल हमीद लाहौरी कौन था ?
(अ) अकबर के शासन में एक महत्वपूर्ण सैन्य कमांडर
(ब) शाहजहाँ के शासन का एक राजकीय इतिहासकार
(स) औरंगजेब का एक महत्वपूर्ण सामंत तथा विश्वासपात्र
(द) मुहम्मदशाह के शासन में एक इतिहासकार एवं कवि
उत्तर : (ब) UPPCS 2006

122. धरमत का युद्ध (अप्रैल, 1658) निम्न में से किनके बीच लड़ा गया ?
(अ) मुहम्मद गौरी और जयचंद
(ब) बाबर और अफगान
(स) औरंगजेब और दारा शिकोह
(द) अहमदशाह दुरनी तथा मराठा
उत्तर : (स) UPPCS 2003

www.rajstudents.com

123. कथन (A) : शाह आलम द्वितीय ने सम्राट के रूप में प्रारंभिक वर्ष अपनी राजधानी से दूर व्यतीत किए।
कारण (R) : उत्तर पश्चिम सीमांत से विदेशी आक्रमण का भय घात लगाए रहता था।
(अ) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है
(ब) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(स) A सही है किन्तु R गलत है
(द) A गलत है किन्तु R सही है
उत्तर : (ब) UPPCS 2003

124. कथन (A) : खानवा का युद्ध निश्चय ही पानीपत के प्रथम युद्ध की अपेक्षा अधिक निर्णायक और महत्वपूर्ण था।
कारण (R) : राजपूत वीर राणा सांगा निश्चय ही इब्राहिम लोदी की अपेक्षा अधिक दुर्जेय शत्रु था।
(अ) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है
(ब) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(स) A सही है किन्तु R गलत है
(द) A गलत है किन्तु R सही है
उत्तर : (अ) UPPCS 2001

125. निम्नलिखित युग्मों में से कौन–सा एक सही सुमेलित नहीं है ?
(अ) जहाँगीर – विलियम हॉकिन्स
(ब) अकबर – सर टॉमस रो
(स) शाहजहाँ – टैवर्नियर
(द) औरंगजेब – मनूची
उत्तर : (ब) UPPCS 1999

126. कथन (A) : अकबर के काल में, हर दस घुड़सवार सैनिक के लिए मनसबदारों को बीस घोड़ों का रख–रखाव करना पड़ता था।
कारण (R) : घोड़ों को यात्रा में आराम देना होता था और युद्ध के समय उनको बदलना आवश्यक होता था।
(अ) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है
(ब) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(स) A सही है किन्तु R गलत है
(द) A गलत है किन्तु R सही है
उत्तर : (अ) UPPCS 1999

127. मुगल काल में निम्नलिखित बंदरगाहों में से किसको बाबुल मक्का (मक्का द्वार) कहा जाता था ?
(अ) कालीकट (ब) भड़ौच
(स) खम्भात (द) सूरत
उत्तर : (द) UPPCS 2001

128. 'अहदी' वे घुड़सवार सिपाही थे–
1. जिन्होंने अपनी सेवाएँ एकाकी प्रदान की
2. जिन्होंने किसी सरदार के साथ अपने को संलग्न नहीं किया
3. सम्राट ही जिनका आसन्न कर्नल था
4. जिन्होंने अपने को मिर्जाओं के साथ संलग्न किया

इन कथनों में से सही कथन हैः–
(अ) 1, 3 और 4 (ब) 1, 2 और 3
(स) 2 और 3 (द) 1 और 4
उत्तर : (ब) UPPCS 1998

129. कंधार के निकल जाने से मुगल साम्राज्य को एक बड़ा धक्का पहुँचा–
(अ) प्राकृतिक संसाधनों के दृष्टिकोण से
(ब) मध्यवर्ती राज्यक्षेत्र के दृष्टिकोण से
(स) संचार व्यवस्था के दृष्टिकोण से
(द) सामरिक महत्व के केन्द्र के दृष्टिकोण से
उत्तर : (द) UPPCS 1998

130. अकबर के शासनकाल में पुनर्गठित केन्द्रीक प्रशासन तंत्र के अन्तर्गत सैनिक विभाग का प्रमुख था–
(अ) दीवान (ब) मीर बख्शी
(स) मीर समन् (द) बख्शी
उत्तर : (ब) UPPCS 1997

131. किस अभियान के समय अचानक बारूद में विस्फोट हो जाने के कारण शेरशाह की मृत्यु हो गई ?
(अ) रायसीन अभियान के समय
(ब) मालदेव की सेनाओं से संघर्ष के समय
(स) चित्तौड़ अभियान के समय
(द) कालिंजर अभियान के समय
उत्तर : (द)

132. शेरशाहकालीन प्रशासन में 'कानूनगो' का काम था–
(अ) भूमि–संबंधी रिकॉर्ड को रखना
(ब) भू–राजस्व वसूल करना
(स) (अ) और (ब) दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

133. शेरशाह के राजस्व व्यवस्था के संदर्भ में क्या सही नहीं है ?
(अ) भू–सर्वेक्षण के आधार पर एक रजिस्टर 'खसरा खतौनी' तैयार किया गया।
(ब) 'राई' (भू–राजस्व निर्धारण के लिए फसल दरों की सूची) लागू किया गया
(स) उपज के आधार पर भूमि की तीन श्रेणियाँ थी–उत्तम, मध्यम एवं निम्न
(द) भू–राजस्व की दर उपज का 1/6 भाग तय किया किया गया
उत्तर : (द)

134. शेरशाहकालीन प्रशासन में 'फोतदार' था–
(अ) कोषाध्यक्ष
(ब) फौजदारी मामलों का प्रधान
(स) दीवानी मामलों का प्रधान
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

135. शेरशाह के बारे में क्या असत्य है ?
(अ) शेरशाह ने उपज का 1/3 भाग कर के रूप में निर्धारित किया
(ब) शेरशाह के समय में किसानों को 'जरीवाना' (सर्वेक्षण शुल्क) तथा 'मुहासिलाना' (कर संग्रह शुल्क) भी चुकाना पडता था
(स) भूमि की पैमाईश हेतु शेरशाह से 32 अंक वाले सिकंदरी गज एवं सन की डंडी का प्रयोग किया
(द) शेरशाह ने सासाराम में एक सुंदर किले का निर्माण करवाया
उत्तर : (द)

136. दिल्ली का पुराना किला किसके द्वारा बनवाया गया ?
(अ) शेरशाह (ब) अकबर
(स) शाहजहाँ (द) हुमायूँ
उत्तर : (अ)

137. अमरकोट के राजा वीरसाल के महल में किस मुगल बादशाह का जन्म हुआ था ?
(अ) बाबर (ब) हुमायूँ
(स) अकबर (द) जहाँगीर
उत्तर : (स)

138. अकबर के संरक्षक बैरम खाँ का पतन कब हुआ ?
(अ) 1536 ई. में (ब) 1565 ई. में
(स) 1560 ई. में (द) 1670 ई. में
उत्तर : (स)

139. अकबर ने साम्राज्य विस्तार का आरंभ किस विजय से किया ?
(अ) मालवा विजय (ब) गोण्डवाना विजय
(स) गुजरात विजय (द) असीरगढ़ विजय
उत्तर : (अ)

140. हमीदा बानू बेगम थी–
(अ) अकबर की माता का नाम
(ब) हुमायूँ की माता का नाम
(स) हुमायूँ की पुत्री का नाम
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

141. स्मिथ ने अकबर के किस अभियान को 'ऐतिहासिक द्रुतगामी अभियान' कहा–
(अ) पानीपत का युद्ध (ब) हल्दीघाटी का युद्ध
(स) गुजरात विजय (द) असीरगढ़ अभियान
उत्तर : (स)

142. अकबर का सबसे अंतिम विजय अभियान था–
(अ) मालवा विजय (ब) हल्दीघाटी का युद्ध
(स) गुजरात विजय (द) असीरगढ़ विजय
उत्तर : (द)

143. अकबर के नवरत्न में से एक बीरबल किस अभियान के समय मारे गये ?
(अ) गुजरात के विद्रोह को दबाते समय
(ब) युसूफजाइयों के विद्रोह को दबाते समय
(स) मिर्जाओं के विद्रोह को दबाते समय
(द) उजबेग दल के विद्रोह को दबाते समय
उत्तर : (ब)

144. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. दास प्रथा की समाप्ति
B. तीर्थयात्रा कर की समाप्ति
C. जजिया कर की समाप्ति
D. सूबों का पुनर्गठन
सूची–II
1. 1562
2. 1563
3. 1564
4. 1580
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

145. निम्न इतिहासकारों में किसने अकबर को इस्लाम का शत्रु कहा ?
(अ) अब्बसा खाँ सरवानी
(ब) बदायूँनी
(स) अहमद यादगार
(द) मीर अलाउद्दौला कजवीनी
उत्तर : (ब)

146. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. इबादतखाना (धर्म संसद) की स्थापना
B. मजहर की घोषणा
C. नौरोज उत्सव का पुनरुद्धार
D. दीन–ए–इलाही की घोषणा
सूची–II
1. 1575
2. 1579
3. 1580
4. 1582
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

147. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. करोड़ी की नियुक्ति
B. दहसाला बंदोबस्त लागू
C. इलाही संवत् का प्रचलन
D. इलाही गज का प्रचलन
सूची–II
1. 1573
2. 1580
3. 1584
4. 1587
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

148. अकबर ने किसे 'कविराय/कविराज' की उपाधि दी थी ?
(अ) बीरबल (ब) अबुल फजल
(स) फैजी (द) अब्दुर्रहीम खानेखाना
उत्तर : (अ)

149. जहाँगीर के निर्देशन पर किसने अबुल फजल की हत्या कर दी ?
(अ) वीर सिंह बुंदेला ने (ब) युसूफजाइयों ने
(स) उजबेगों ने (द) अफगानियों ने
उत्तर : (अ)

150. 'दहसाला बंदोबस्त' किससे संबंधित है ?
(अ) बीरबल (ब) अबुल फजल
(स) टोडरमल (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स) RAS/RTS 2010

151. अकबर ने किसे 'कण्ठाभरणवाणी विलास' की उपाधि दी थी ?
(अ) बीरबल (ब) तानसेन
(स) फैजी (द) बैजू बावरा
उत्तर : (ब)

152. मुगल वंश के संदर्भ में पिता के रहते बादशाह पद प्राप्त करने का प्रथम प्रयास करने वाला शहजादा था–
(अ) जहाँगीर (ब) शाहजहाँ
(स) औरंगजेब (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

153. शासक बनने के बाद 'बारह अध्यादेश जारी करने वाला मुगल बादशाह था–
(अ) जहाँगीर (ब) औरंगजेब
(स) अकबर (द) शाहजहाँ
उत्तर : (अ)

154. किसके समय में कंधार हमेशा के लिए मुगलों के हाथ से निकल गया ?
(अ) जहाँगीर (ब) अकबर
(स) शाहजहाँ (द) औरंगजेब
उत्तर : (अ)

155. मेवाड़ से युद्ध तथा चित्तौड़ की संधि किसके शासनकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धि है ?
(अ) अकबर (ब) जहाँगीर
(स) शाहजहाँ (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब) UPPCS 2008

156. किस शासक को जहाँगीर ने 'फर्जन्द' की उपाधि से सम्मानित किया ?
(अ) बीजापुर के शासक आदिलशाह
(ब) अहमदनगर के शासक मुर्तुजा II निजामशाह
(स) मुर्तुजा II निजामषाह के योग्य मंत्री मलिक अंबर
(द) गोलकुंडा के कुली कुतुबशाह
उत्तर : (अ)

157. ''मैंने अपना राज्य अपनी प्यारी बेगम के हाथों में एक प्याला शराब और एक प्याला शोरबे के लिए बेच दिया'' यह किसकी उक्ति है ?
(अ) जहाँगीर (ब) शाहजहाँ
(स) औरंगजेब (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

158. ''जो चित्रकला का शत्रु है, मैं उनका शत्रु हूँ'' यह किस मुगल शासक ने कहा ?
(अ) अकबर (ब) जहाँगीर
(स) शाहजहाँ (द) औरंगजेब
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com

159. मराठों एवं अफगानों को मनसबदारी प्रथा में शामिल करने वाला प्रथम मुगल शासक था–
(अ) जहाँगीर (ब) शाहजहाँ
(स) औरंगजेब (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

160. शाहजहाँ के समय कौन–सी घटना नहीं हुई ?
(अ) जुझारसिंह बुंदेला का विद्रोह
(ब) खान जहाँ लोदी का विद्रोह
(स) पुर्तगालियों का दमन
(द) महावत खाँ का विद्रोह
उत्तर : (द)

161. शाहजहाँ का मूल नाम था–
(अ) खुर्रम (ब) खुसरो
(स) सलीम (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

162. शाहजहाँ ने किसे 'मलका–ए–जमानी' की उपाधि दी ?
(अ) अर्जुमंद बानो बेगम (मुमताज महल) को
(ब) सलीमा बेगम को
(स) हमीदा बानू बेगम को
(द) लाड मलिका को
उत्तर : (अ)

163. शाहजहाँ ने किसे 'शाह इकबाल' एवं 'शाह बुलंद' की उपाधि दी थी ?
(अ) दारा शिकोह (ब) शाह शुजा
(स) औरंगजेब (द) मुराद
उत्तर : (अ)

164. शाहजहाँ के शासनकाल के अंतिम वर्षों में हुए उत्तराधिकार के युद्धों का क्रम क्या था ?
(अ) बहादुरपुर–धरमत–सामूगढ़–खजुआ–देवराई
(ब) धरमत–बहादुरपुर–सामूगढ़–खजुआ–देवराई
(स) सामूगढ़–बहादुरपुर–धरमत–खजुआ–देवराई
(द) खजुआ–बहादुरपुर–धरमत–सामूगढ़–देवराई
उत्तर : (अ)

165. दारा शिकोह एवं औरंगजेब के मध्य हुए उत्तराधिकार युद्धों में सबसे निर्णायक युद्ध कौन माना जाता है ?
(अ) धरमत का युद्ध (ब) सामूगढ़ का युद्ध
(स) देवराई का युद्ध (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

166. औरंगजेब ने अपने पिता को किस किले में नजरबंद कर दिया जहाँ नजरबंदी के हालत में ही शाहजहाँ की मौत हो गई ?
(अ) आगरा का किला (ब) लाहौर का किला
(स) ग्वालियर का किला (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

167. औरंगजेब के विरुद्ध हुए उत्तर भारत के विद्रोहों का सही क्रम है–
(अ) जाट–बुंदेला–सतनामी–सिख
(ब) बुंदेला–जाट–सतनामी–सिख
(स) सतनामी–जाट–बुंदेला–सिख
(द) सिख–जाट–बुंदेला–सतनामी
उत्तर : (अ)

168. किस जाट नेता ने बादशाह अकबर के मकबरे को हानि पहुँचाई तथा अकबर की कब्र को खोदकर उसकी हड्डियों को जला दिया ?
(अ) गोकुला (ब) राजाराम
(स) चूड़ामणि (द) बदन सिंह
उत्तर : (ब)

169. किस मुगल बादशाह को उसकी प्रजा 'साही वेश में एक दरवेश/फकीर' कहती थी ?
(अ) अकबर (ब) शाहजहाँ
(स) जहाँगीर (द) औरंगजेब
उत्तर : (द)

170. किसने अकबर को 'जिल्ल–ए–इलाही' (खुदा की परछाई) एवं 'फर्र–ए–इन्दी' (खुदा से निकलने वाली रोशनी) कहा ?
(अ) अबुल फजल (ब) फैजी
(स) बदायूंनी (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

171. 'दीवान–ए–वजीरात–ए–कुल' नामक नये पद की स्थापना किसने की ?
(अ) बाबर ने (ब) अकबर ने
(स) हुमायूँ ने (द) शाहजहाँ ने
उत्तर : (ब)

172. अकबर के समय मुगल सूबों (प्रांतों) की संख्या 15 थी, जो औरंगजेब के समय बढ़कर हो गई–
(अ) 15 (ब) 18
(स) 21 (द) 24
उत्तर : (स)

173. अंतिम रूप से जजिया कर समाप्त करने वाला मुगल बादशाह था–
(अ) अकबर (ब) जहाँगीर
(स) शाहजहाँ (द) मुहम्मदशाह 'रंगीला'
उत्तर : (द)

174. हस्तांतरण के लिए आरक्षित भूमि को मुगल काल में क्या कहा जाता था ?
(अ) मदद–ए–माश (ब) सुपूर गुल
(स) पैबाकी/पायबाकी (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

175. मनसबदारी व्यवस्था में 'दो अस्पा सिंह अस्पा' का प्रचलन किसने किया ?
(अ) जहाँगीर (ब) शाहजहाँ
(स) औरंगजेब (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

176. जागीरदारी संकट सर्वप्रथम किस मुगल बादशाह के शासनकाल मं उत्पन्न हुई ?
(अ) जहाँगीर (ब) शाहजहाँ
(स) औरंगजेब (द) बहादुरशाह
उत्तर : (स)

177. मुगल स्थापत्य कला के संदर्भ में 'पिट्रा डयुरा' का अर्थ है–
(अ) संगमरमर के पत्थर पर जवाहरात से की गई जड़ावट
(ब) संगमरमर पर की गई चित्रकारी
(स) उद्यान निर्माण की कला
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

178. भारत में चार बाग शैली का प्रथम मकबरा है–
(अ) हुमायूँ का मकबरा
(ब) अकबर का मकबरा
(स) जहाँगीर का मकबरा
(द) औरंगजेब का मकबरा
उत्तर : (अ)

179. 'पिट्रा ड्यूरा' का आरंभ किसने किया ?
(अ) जहाँगीर (ब) शाहजहाँ
(स) औरंगजेब (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

180. वह कौन–सी पहली इमारत है जिसका निर्माण पूर्णरूपेण संगमरमर से हुआ है और जिसमें पिट्रा ड्यूरा का प्रयोग हुआ है ?
(अ) हुमायूँ का मकबरा
(ब) एतमाद–उद्–दौला का मकबरा
(स) जहाँगीर का मकबरा
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

181. निम्न में किस शासक का काल संगमरमर का काल कहलाता है ?
(अ) जहाँगीर (ब) शाहजहाँ
(स) औरंगजेब (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

182. जहाँगीर ने किस चित्रकार को फारस के शाह एवं उसके अमीरों का छविचित्र बनाने के लिए फारस (ईरान) भेजा ?
(अ) विशनदास (ब) उस्ताद मंसूर
(स) अब्दुल हसन (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

183. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (व्यक्ति)
A. अब्दुल हसन
B. उस्ताद मंसूर
C. शौकी
D. लाल खाँ
सूची–II (उपाधि)
1. नादिर–उज–जमां
2. नादिर–उल–अस्त्र
3. आनंद खाँ
4. गुण समन्दर
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

184. औरंगजेब के शासनकाल में रचित ऐतिहासिक ग्रंथ 'नुस्खा–ए–दिलकुशा' के रचनाकार थे–
(अ) भीमसेन बुरहानपुरी (ब) सुजन राय खत्री
(स) ईश्वर दास नागर (द) चन्द्रभान
उत्तर : (अ)

185. 'अकबरनामा' किसने लिखा ?
(अ) अब्दुर्रहीम खानेखाना
(ब) फैजी
(स) अब्दुल कादिर बदायूंनी
(द) अबुल फजल
उत्तर : (द) UPPCS 2008

186. एतमाद–उद्–दौला का मकबरा आगरा में किसने बनवाया ?
(अ) अकबर (ब) जहाँगीर
(स) नूरजहाँ (द) शाहजहाँ
उत्तर : (स) BPSC 2008

187. राजपूताना के निम्न राज्यों में से किए एक ने अकबर की संप्रभुता स्वीकार नहीं की थी ?
(अ) आमेर (ब) मेवाड़
(स) मारवाड़ (द) बीकानेर
उत्तर : (ब) UPPCS 2008

188. किस मध्यकालीन भारतीय शासक ने 'पट्टा' एवं 'कबूलियत' की प्रथा आरम्भ की ?
(अ) अलाउद्दीन खिलजी (ब) मुहम्मद–बिन–तुगलक
(स) शेरशाह (द) अकबर
उत्तर : (स) UPPCS 2008

189. मुगल सम्राट औरंगजेब कौन–सा वाद्य यंत्र बजाते थे ?
(अ) सितार (ब) पखावज
(स) वीणा (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स) UPPCS 2010

www.rajstudents.com

190. जहाँगीर को कहाँ दफनाया गया ?
(अ) आगरा (ब) दिल्ली
(स) लाहौर (द) श्रीनगर
उत्तर : (स) UPPCS 2010

191. वह प्रसिद्ध जैन आचार्य कौन थे, जिनको अकबर ने बहुत सम्मानित किया था ?
(अ) चन्द्रप्रभा सूरी (ब) हरिविजय सूरी
(स) पुष्पदन्त (द) यशोभद्र
उत्तर : (ब) UPPCS 2010

192. लंदन में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी के गठन के समय भारत का निम्नलिखित में से कौन बादशाह था ?
(अ) अकबर (ब) जहाँगीर
(स) शाहजहाँ (द) औरंगजेब
उत्तर : (अ) UPPCS 2000

193. शाहजहाँ के काल में कौन यूरोपीय यात्री भारत आया ?
(अ) विलियम हॉकिन्स (ब) टॉमस रो
(स) एण्टोनियों मान्सरेट (द) पीटर मुण्डी
उत्तर : (द) CgPCS 2000

194. अकबर ने 'दीन–ए–इलाही' वर्ष..................में प्रारंभ किया।
(अ) 1570 (ब) 1578
(स) 1581 (द) 1582
उत्तर : (द) CgPCS 2000

195. इनमें से कौन अकबर के दरबार में चित्रकार नहीं था ?
(अ) दसवंत (ब) अब्दुस्समद
(स) कल्याणदास (द) बसावन
उत्तर : (स) CDS 2015

196. बाबर ने सर्वप्रथम पादशाह की पदवी धारण की थी ?
(अ) फरगना में (ब) काबूल में
(स) दिल्ली में (द) समरकंद में
उत्तर : (ब) UPPCS 2015

197. निम्नलिखित में से कौन नूरजहाँ के गुट का सदस्य नहीं था ?
(अ) जहाँगीर (ब) गियास बेग
(स) आसफ खाँ (द) खुर्रम
उत्तर : (अ) UPPCS 2015

198. अकबर के दरबार के सुलेखकार का नाम क्या है जिसे 'जरीनकलम' या 'स्वर्ण कलम' के नाम से सम्मानित किया गया था ?
(अ) अबुल फजल (ब) तानसेन
(स) मुहम्मद हुसैन (द) मुहम्मद नासिम
उत्तर : (स) NDA 2017

199. निम्नलिखित में से कौन शाहजहाँ के शासनकाल का राजकवि था ?
(अ) कलीम (ब) काशी
(स) कुदसी (द) मुनीर
उत्तर : (अ) UPPCS 2015

200. अकबर का मकबरा कहाँ है ?
(अ) सिकंदरा (ब) औरंगाबाद
(स) दिल्ली (द) कश्मीर
उत्तर : (अ) RRB 2008

201. जामा मस्जिद का निर्माण किसने कराया ?
(अ) शेरशाह सूरी (ब) अलाउद्दीन खिलजी
(स) औरंगजेब (द) शाहजहाँ
उत्तर : (द) RRB 2008

www.rajstudents.com